मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन भोपाल -462004

क्रमांक696/05/रासेयो/19/38 भोपाल दिनांक17/9/2019

प्रति

1. समस्त अतिरिक्त संचालक,
   क्षेत्रीय कार्यालय,उच्च शिक्षा,म.प्र.

2. कुल सचिव,
   समस्त विश्वविद्यालय,
   (म.प्र.)

विषय:-महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती वर्ष पर मध्यप्रदेश शासन,उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना ।

संदर्भ:- विभागीय पत्र क्रमांक 530/05/रासेयो/19/38,दिनांक 5.7.2010.

--0--

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती वर्ष पर मध्यप्रदेश शासन,उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रचनात्मक कार्यक्रमों और गतिविधियों के साथ मनाने हेतु कृत संकल्पित है। इसी तारतम्य में संदर्भित पत्र द्वारा एक कार्ययोजना व मार्गदर्शिका जारी की गई थी जिसके अनुसार 02 अक्टूबर,2020 तक स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर छात्र-छात्राओं के मध्य गतिविधियों का आयोजन होना हैं।

आशा है कि संदर्भित पत्र के अनुक्रम में महाविद्यालय स्तर एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन करा लिया गया होगा । यदि कहीं पर आयोजन नहीं कराया गया है तो अन्य गतिविधियों के अलावा निम्नानुसार प्रतियोगिताऐं कराकर उनके परिणाम अतिरिक्त संचालक,क्षेत्रीय कार्यालय,उच्च शिक्षा के माध्यम से दिनांक 26 सितम्बर,2019 तक विभाग में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

1. **निबंध प्रतियोगिता** - गांधी विचार और उनकी समसामयिक प्रासंगिकता को लेकर रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा,महाविद्यालय और जिला स्तर पर किया जायेगा ।

2. चित्रकला **प्रतियोगिता**- महात्मा गांधी जी के जीवन,उनकी मध्यप्रदेश यात्रा,विचारों और संदेशों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा,महाविद्यालय और जिला स्तर पर किया जायेगा ।

3. **पोस्टर प्रतियोगिता**- महात्मा गांधी जी के जीवन,उनकी मध्यप्रदेश यात्रा,विचारों और संदेशों पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा,महाविद्यालय और जिला स्तर पर किया जायेगा ।

प्रतियोगिताओं के आयोजन में यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रतियोगिता संबंधी नियम व वित्तीय व्यवस्था ठीक उसी प्रकार लागू होगी,जो युवा उत्सव विधाओं में लागू होती है।

निरंतर...........

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके परिक्षेत्र में शासकीय,अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक विभागों को निर्देशित करें कि जिन महाविद्यालय या जिलों में अभी तक यदि उपरोक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं कराया गया है वह 23 सितम्बर, 2019 के पूर्व जिला स्तर तक की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर लेवें।

जिला स्तर पर प्रथम निबंध,चित्रकला एवं पोस्टर को लीड महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर दिनांक 24 सितम्बर तक भेजा जायेगा। विश्वविद्यालय स्तर पर इनका मूल्यांकन छात्र कल्याण अधिष्ठाता के माध्यम से युवा उत्सव के नियमों के तहत गठित निर्णायक मंडल द्वारा कराया जायेगा तथा प्रतियोगिताओं का समेकित परिणाम तैयार कर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के नाम,संस्था का नाम,मोबाईल नंबर तथा उनकी कृति दिनांक 26 सितम्बर, 2019 को कृपया संबंधित विश्वविद्यालय के कुल सचिव द्वारा अतिरिक्त संचालक के माध्यम से रासेयो प्रकोष्ठ,उच्च शिक्षा विभाग को अनिवार्यतः उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस संबंध में कृपया समस्त अतिरिक्त संचालक एवं कुल सचिव अपने स्तर से समस्त महाविद्यालयों एवं लीड कालेज के प्राचार्यो को दिशा निर्देश देने का कष्ट करें।

(जयश्री मिश्रा)
अपर सचिव,

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ0क. 162/कुलसचिव/ब.वि.वि./2019 भोपाल दिनांक 18/9/2019

प्रतिलिपि

1– समस्त विभागाध्यक्ष,शैक्षणिक विभाग,ब.वि.वि.भोपाल की ओर इस आशय के साथ की पत्र में दर्शित बिन्दुओं के संबंध में दिनांक 24.9.19 तक आवश्यक कार्यवाही कर दिनांक 24.9.19 को ही प्रो. के.एन. त्रिपाठी, समन्वयक(महात्मा गांधी की 150वी जयंती कार्यक्रम) को अवगत करावें।

2– प्रो. के.एन. त्रिपाठी, समन्वयक(महात्मा गांधी की 150वी जयंती कार्यक्रम) ब0वि0वि0 भोपाल की ओर सूचनार्थ।

3– प्रभारी, आई.टी. सेल, ब.वि.वि. भोपाल की ओर इस पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

4– कुलपति के निज सहायक के माध्यम से मान. कुलपति जी के सूचनार्थ।

5– नस्ती।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल